Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 359 रायपुर, बुधवार 22 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## मारे गए 14 नक्सलियों के शव लाए गए मेकाहारा

### 22 डॉक्टरों की टीम कर रही पोस्टमार्टम

**रायपुर,** 22 जनवरी (हाईवे चैनल)। गरियाबंद जिले से लगे छत्तीसगढ़-ओडिशा के बॉर्डर पर सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 14 नक्सलियों के शवों का मेकाहारा में 22 डॉक्टरों की टीम पोस्टमार्टम कर रही है, इसमें 10 सफाई कर्मचारी भी शामिल हैं. नक्सलियों के शवों को सुबह करीबन पांच बजे रायपुर लाया गया था.




बता दें कि 19 जनवरी की रात से गरियाबंद जिला के कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है, जिसमें अब तक 14 नक्सली को शव बरामद किए गए हैं. इनमें एक करोड़ का इनामी नक्सली केंद्रीय कमेटी मेंबर जयराम उर्फ चलपती भी शामिल था. बताया जा रहा है कि 25 से ज्यादा नक्सलियों को अब तक जवानों ने मार गिराया है, जिनके शवों का सर्च ऑपरेशन के दौरान रुक-रुक कर जंगलों में ढूंढने का क्रम जारी है.

## जीतन राम मांझी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल छोड़ने की धमकी दी, विवाद हुआ तो पलटी मार दी

**नई दिल्ली,** 22 जनवरी (न्यूज चैनल)। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल छोड़ने की धमकी देते हुए आरोप लगाया कि उनकी पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में उचित सम्मान नहीं मिल रहा है। मांझी के बयान पर राजनीति गर्माई तो वह अपने बयान से पलट भी गये और आरोप लगाया कि उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। हम आपको बता दें कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने मुंगेर जिले में एक जनसभा के दौरान विभिन्न राज्य चुनावों में सीट बंटवारे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा उनकी पार्टी को ध्यान में नहीं रखे जाने पर दुख जताया। मांझी ने कहा, झारखंड और दिल्ली में हमें कुछ नहीं मिला। यह कहा जा सकता है कि मैंने कोई मांग नहीं की। लेकिन, क्या यह न्याय है? मुझे नजरअंदाज किया गया क्योंकि इन राज्यों में मेरा कोई वजूद नहीं था। इसलिए हमें बिहार में अपनी योग्यता साबित करनी होगी। रामायण के एक श्लोक का हवाला देते हुए, जिसका अर्थ है कि अक्सर डर सम्मान को जन्म देता है, 80 वर्षीय नेता ने टिप्पणी की, लगता है कि मंत्रिमंडल हमको छोड़ना पड़ेगा।



### कहा- मोदी का साथ कभी नहीं छोड़ूंगा

केंद्रीय मंत्री ने कहा, कुछ लोग कह सकते हैं कि मैं राजग से लड़ रहा हूं। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व ऐसा है कि विद्रोह का कोई सवाल ही नहीं है। मैं एक दलील दे रहा हूं, टकराव में शामिल नहीं हूं। हम आपको बता दें कि मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में चार विधायक हैं और वह अपने दल के अकेले सांसद हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के लिए 40 सीटें चाहते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, अगर हमारी पार्टी 20 सीटें भी जीतती है, तो हम अपनी मांगें पूरी करवा पाएंगे। उन्होंने कहा कि वह किसी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का पीछा नहीं कर रहे हैं, बल्कि भुइयां-मुसहर के लिए बेहतर सौदे पर नजर रख रहे हैं, जो एक दलित समुदाय है जिससे वह आते हैं। मांझी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार के बारे में कहा कि इसने कई अच्छे काम किए हैं लेकिन मुख्यमंत्री के रूप में अपने एक साल से भी कम समय के कार्यकाल के दौरान उन्होंने दलित वर्गों से जो वादे किए थे, वे अभी भी पूरे नहीं हुए हैं। हम आपको बता दें कि नीतीश सरकार में मांझी के बेटे संतोष सुमन मंत्री हैं। हाल के दिनों में यह दूसरा मौका है, जब मांझी ने राजग से अपनी नाराजगी सार्वजनिक रूप से जताई है। उन्होंने रविवार को जहानाबाद में कहा था कि दिल्ली और झारखंड में उनकी पार्टी को धोखा दिया गया।

अपनी टिप्पणी पर विवाद के बाद उन्होंने पलटी मारते हुए ट्वीट किया कि कुछ वेब पोर्टल और समाचार चैनलों के द्वारा भ्रमक ख़बर प्रचारित/प्रसारित किया गया है कि जीतन राम मांझी कैबिनेट से इस्तीफ़ा देंगे। उन्होंने कहा कि जबकि मैंने मुंगेर की सभा में हो रही देरी को लेकर कहा था कि आप लोग लेट कर रहें हैं जिसके कारण मेरी फ्लाइट छूट जाएगी और मुझे कैबिनेट छोड़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वैसे लोगों को मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि मैं मरते दम तक माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का साथ नहीं छोड़ूंगा।

## ब्रेकिंग न्यूज

### ट्रम्प के शपथ ग्रहण में पहुंचा खालिस्तानी आतंकी पन्नू



**नई दिल्ली,** 22 जनवरी (न्यूज चैनल)। डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार रात (भारतीय समयानुसार) अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में दुनियाभर से कई गणमान्य लोग और नेता शामिल हुए। लेकिन इस दौरान एक विवाद ने सबका ध्यान खींचा, जब भारतीय मूल के वांटेड खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने समारोह में खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में पन्नू को ट्रम्प के मंच के पास खड़े होकर नारेबाजी करते हुए देखा गया। वीडियो में ट्रम्प अपनी पत्नी मेलानिया के साथ मंच पर मौजूद हैं।

### ट्रक के खाई में गिरने से 10 की मौत, 15 घायल

**नई दिल्ली,** 22 जनवरी (न्यूज चैनल)। कर्नाटक में बुधवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ। येल्लापुरा के निकट एक ट्रक के 50 मीटर गहरी खाई में गिर जाने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। सभी पीड़ित फल विक्रेता थे, जो सावनूर से फल बेचने के लिए येल्लापुरा मेले की ओर जा रहे थे। उत्तर कन्नड़ के पुलिस अधीक्षक एम नारायण ने बताया कि वे सावनूर-हुबली मार्ग पर यात्रा कर रहे थे, तभी जंगल में यह दुर्घटना हुई। नारायण ने बताया कि सुबह करीब साढ़े पांच बजे ट्रक चालक दूसरे वाहन को साइड देने के प्रयास में बाईं ओर चला गया और करीब 50 मीटर गहरी घाटी में गिर गया। उन्होंने कहा कि घाटी में सड़क पर कोई सुरक्षा दीवार नहीं थी। हादसे में 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को हुबली के केआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जयपुर में 14 लाख रुपये का मादक पदार्थ जब्त, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 22 जनवरी (न्यूज चैनल)। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने मंगलवार को जयपुर में छापेमारी कर 14 लाख रुपये मूल्य की नशीली गोलियां और कैप्सूल जब्त किये। एनसीबी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक बयान में कहा कि उसे मानस पोर्टल पर एक शिकायत मिली, जिसके बाद रणनीतिक जानकारी एकत्र की गई और नवल विहार में अग्रवाल मेडिकल एंड जनरल स्टोर पर छापा मारा गया। एनसीबी के जोनल निदेशक घनश्याम सोनी ने बताया कि छापेमारी में 3,552 नशीली गोलियां और कैप्सूल जब्त किए गए, जिनकी बाजार में अनुमानित कीमत 14.20 लाख रुपये है।

### ट्रेन में यात्री की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली,** 22 जनवरी (न्यूज चैनल)। बिहार के लखीसराय जिले में हावड़ा-गया एक्सप्रेस में सवार 49 वर्षीय एक व्यक्ति की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान लखीसराय के महसोना गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार (49) के रूप में हुई है।




चूहा- सुनती हो, जीतन राम मांझी कह रहे हैं मरते दम तक मोदी का साथ नहीं छोड़ूंगा।

चुहिया- हां जी, लेकिन मोदी कब साथ छोड़ देंगे ये कोई नहीं बता सकता।

## बलौदाबाजार हिंसा के आरोपियों से जेल में मिलने पहुंचे भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद



### सीएम आवास का घेराव करने का किया ऐलान

**रायपुर,** 22 जनवरी (हाईवे चैनल)। बलौदाबाजार कलेक्टोरेट आगजनी हिंसा मामले में रायपुर केंद्रीय जेल में बंद आरोपियों से बुधवार को भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने मुलाकात की. चंद्रशेखर आजाद ने इस मुद्दे पर 20 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की घोषणा की। रायपुर जेल में बंद आरोपियों से मुलाकात के बाद भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि पुलिस ने अपनी नाकामी छुपाने के लिए सतनामी समाज के लोगों को जेल में भेज दिया है. अगर उन्होंने कुछ नहीं किया है तो उनके साथ न्याय होगा. सरकार के मन में सतनामियों के खिलाफ जो दुर्भावना है, यह सब उसका परिणाम है। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि अगर सरकार और पुलिस कुछ नहीं करती तो कोर्ट के पास जाया जाता है, लेकिन कोर्ट भी इस पर कुछ नहीं कर रही है. महिलाओं को जेल नहीं भेज पाए, तो उन्हें पीट कर अपमानित किया गया है. उन्होंने कहा कि जांच आयोग की रिपोर्ट जब सामने आएगी, तो सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा. मुलाकात को चुनावी रणनीति बताए जाने पर आपत्ति जताते हुए चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि चुनावी रणनीति चिंता वह करें जो 3-3 फेस में चुनाव करवा रहे हैं. हमारे लिए सतनामी समाज का गौरव, उनका रक्षा महत्वपूर्ण है, ना की चुनाव. मैं देवेंद्र यादव से नहीं मिला हूं. मैं सतनामी समाज के लोगों से मिलकर आया हूं।

## अमरकंटक मार्ग पर बाघिन दिखने से इलाके में दहशत



### कई मवेशियों को बना चुकी है शिकार

**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 22 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश की सीमा पर गौरेला से अमरकंटक मार्ग पर स्थित ज्वालेश्वर महादेव के आसपास बाघिन दिखने से इलाके में दहशत है. बताया जा रहा कि बीते चार दिनों से मंदिर परिसर के आसपास बाघिन घूम रही है. कई मवेशियों का शिकार भी कर चुकी है. बाघिन का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा।

सड़क पर आते-जाते राहगीरों ने बाघिन का वीडियो बनाया है. वीडियो में बाघिन गौरेला ज्वालेश्वर मंदिर के मुख्य मार्ग पर ही घूम रही है. मवेशियों के शिकार किए जाने के बाद मंदिर परिसर और आसपास के गांवों में बाघिन को लेकर डर का माहौल है. लोग अपने काम धंधा छोड़कर घर में रहने को मजबूर हैं. छत्तीसगढ़ की सीमावर्ती क्षेत्र में बड़ी संख्या में सैलानी भी आते हैं. बाघिन दिखने से सैलानियों में भी दहशत है. इसकी सूचना मिलते ही छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की वन विभाग की टीम बाघिन की लगातार मानिटरिंग कर रही है।

## ट्रम्प के नए मंत्री के साथ जयशंकर की बड़ी बैठक, चीन को दिया सख्त संदेश



**नई दिल्ली,** 22 जनवरी (न्यूज चैनल)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण समारोह के बाद भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की अमेरिका में एक के बाद एक बड़ी बैठक शुरू हो गई। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर केवल मेहमान के तौर पर शपथग्रहण समारोह का हिस्सा बनने के लिए नहीं पहुंचे थे बल्कि ट्रंप की नई सरकार और उनकी टीम के साथ एक अहम मीटिंग करने के लिए पहुंचे थे। भारत अमेरिका के संबंधों और इसके अलावा वैश्विक मुद्दों को लेकर अमेरिका की नई सरकार के साथ भारत की चर्चा बहुत खास थी। ये भारत की ताकत को भी दिखाता है। जिस वक्त अमेरिका में दुनियाभर से आए मेहमानों की मौजूदगी है। तब सबसे ज्यादा प्राथमिकता क्वाड के विदेश मंत्रियों और भारत के विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर को दी गई। सबसे पहले तो एस जयशंकर की द्विपक्षीय वार्ता ट्रंप के मंत्रियों के साथ हुई। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने अमेरिका के नए विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने अमेरिका में ट्रंप सरकार के साथ पहली बार बातचीत की है। ट्रंप के विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ उनकी ये पहली द्विपक्षीय बैठक थी। जिसमें भारत और अमेरिका के संबंधों को लेकर बात हुई। इस मुलाकात के दौरान टेक्नोलॉजी, डिफेंस और एनर्जी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई है। मीटिंग के दौरान द्विपक्षीय साझेदारी की भी समीक्षा की गई है। चीन की बढ़ती मुखरता और आक्रामकता पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके पूर्ववर्तियों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। बैठक ट्रंप के कार्यकाल के पहले दिन और रूबियो के अमेरिका के शीर्ष राजनयिक के रूप में शपथ लेने के कुछ ही घंटों बाद हुई। इससे स्पष्ट होता है कि 'क्वाड' ट्रंप के लिए प्राथमिकता बनी रहेगी। विदेश मंत्री ने अमेरिका के नए सिक्योरिटी एडवाइजर माइकल वाल्ज से भी मुलाकात की। विदेश मंत्री जयशंकर ने दोनों के साथ मुलाकात से जुड़ी तस्वीरें एक्स पर भी पोस्ट की हैं।

## आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू, 28 जनवरी तक भरे जाएंगे फार्म



**रायपुर,** 22 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव एक चरण में चुनाव होगा. इसके लिए 22 जनवरी यानि आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू की गई। आज से प्रत्याशी अपना नामांकन रिटर्निंग अफसर या सहायक रिटर्निंग अफसर के समक्ष जमा कर सकेंगे. नामांकन दाखिल का अंतिम तारीख 28 जनवरी रखा गया है. 25 और 26 जनवरी को नामांकन जमा नहीं किए जाएंगे. निकायों के निर्वाचन क्षेत्रों में 11 फरवरी को मतदान होगा. वहीं 15 फरवरी को मतों की गणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा. नगरीय निकाय चुनाव 25 दिनों में पूरे हो जाएंगे। बता दें कि 2025 के निकाय चुनाव में प्रदेश के 14 नगर निगमों में से 10 नगर पालिक निगम, 54 नगर पालिकाओं में से 45 नगर पालिका परिषद और 124 नगर पंचायतों में से 114 नगर पंचायत अध्यक्षों के लिए चुनाव होंगे।

रायपुर जिले में नगरीय निकायों में कुल 1290 मतदान केंद्र होंगे. रायपुर नगर निगम के 70 वार्डो में 1095 मतदान केंद्र होंगे. जबकि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 1378 मतदान केंद्र होंगे. इसके साथ ही नगरीय निकाय में 69 और त्रिस्तरीय पंचायत के लिए 4 सहायक मतदान केंद्र होंगे. नगरीय निकाय को 107 और त्रिस्तरीय पंचायत को 97 सेक्टरों में बांटा गया है. वहीं मतदाता संख्या की बात करें तो रायपुर नगर निगम में कुल 10 लाख 36 हजार 79 मतदाता वोट डालेंगे. नगरीय निकाय चुनाव में 11 रिटर्निंग ऑफिसर होंगे. वहीं पंचायत में 5 रिटर्निंग और 74 सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं. उन्होंने आगे बताया कि मतदान के केंद्रों की सूची का प्रकाशन 27 जनवरी तक होगा. चुनाव चिन्ह का प्रकाशन 6 फरवरी तक होगा।

### महापौर पद के लिए पूर्व सभापति अनुराग मसीह ने लिया पहला नामांकन फार्म

**धमतरी,** 22 जनवरी (हाईवे चैनल)। नगर निगम के आम चुनाव 2025 के अंतर्गत महापौर और पार्षद पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो गई। सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन की प्रक्रिया नगर निगम कार्यालय में संचालित होगी।महापौर पद के लिए नामांकन कार्य निगम कार्यालय के रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष क्रमांक 01 में संपन्न होगा। वहीं, पार्षद पद के नामांकन के लिए वार्डों को तीन समूहों में विभाजित किया गया है। वार्ड क्रमांक 01 से 14 के लिए कक्ष क्रमांक 02, वार्ड क्रमांक 15 से 27 के लिए कक्ष क्रमांक 03, और वार्ड क्रमांक 28 से 40 के लिए कक्ष क्रमांक 04 में नामांकन कार्य किया जा रहा।





- पहले दिन ही नामांकन फार्म लेने पहुंचे कई दावेदार
- धमतरी नगर निगम चुनाव के तहत आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू
- अलग अलग बनाए गए काउंटर कमरा नंबर 1 में होगा महापौर का नाम निर्देशन

बता दे कि आज पहले दिन महापौर पद के लिए पहला नामांकन फार्म पूर्व निगम सभापति अनुराग मसीह ने लिया है। वहीं पार्षद पद के कई दावेदारों ने भी नामांकन फार्म खरीदा है। नामांकन फार्म लेने वालो में वीरु महाजन लालबगीचा वार्ड, दीपक गजेन्द्र जोधापुर वार्ड, तुलसीराम सोनकर विंध्यवासिनी वार्ड, लता जगत साल्हेवारपारा, विक्की पिता माधवदास रिसाईपारा पूर्व, योगेश लाल रिसाईपारा पश्चिम, राकेश यादव, औद्योगिक वार्ड, सत्येन्द्र देवांगन जोधापुर वार्ड, दिलीप बजाज मोटर स्टैण्ड वार्ड, चोवाराम वर्मा आद्योगिक वार्ड, पवन लिखी रिसाईपारा पश्चिम वार्ड द्वारा समाचार लिखे जाने तक नामांकन पत्र खरीदा गया था।

उल्लेखनीय है कि इस बार नगरीय निकाय चुनाव नामांकन प्रक्रिया हेतु नगर निगम कार्यालय को सेंटर बनाया गया है। प्रक्रिया के पहले व्यवस्था दुरुस्त की गई है। निगम के बाहर मार्ग के दोनो ओर बेरिकेट्स लगाये गये है। पुलिस बल तैनात किया गया है। निगम के बाहर अव्यवस्थित पार्किंग भी व्यवस्थित है।

**सुविधाओं के लिए विशेष कक्षों की व्यवस्था-** चुनाव प्रक्रिया को सुचारू और व्यवस्थित करने के लिए नगर निगम कार्यालय में विशेष कक्ष बनाए गए हैं। कक्ष क्रमांक 05 में निर्वाचक नामावली क्रय कार्य व निर्वाचक नामावली की प्रमाणित प्रतिलिपि, कक्ष क्रमांक 06 में नाम निर्देशन फ़ार्म प्रदाय करना व निछेप राशि जमा करने से संबंधित केंद्र स्थापित किया गया है। इसके अलावा पूछताछ सहायता केंद्र और कंट्रोल रूम स्थापित किए गए है। एनओसी अदेय प्रमाण पत्र के लिए भी काउंटर बनाए गए है। निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी को अपना सभी प्रकार का टैक्स क्लियर करना आवश्यक है, इसके बिना एनओसी नहीं मिल पाएगी।